>

Title: Need to construct railway over bridge near Gorsai Railway Station in Ambedkar Nagar.

श्री राकेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): माननीय सभापति महोदय, हमारे क्षेत्र में गोरसाई रेलवे स्टेशन है। वहां दो विद्यालय हैं जिसके कारण बच्चों को परेशानी होती है क्योंकि ओवरब्रिज नहीं है। अगर यह बन जाएगा तो तमाम एक्सीडेंट होने से रुक जाएंगे। बाराबंकी जाफराबाद रेलवे स्टेशन दोहरी लाइन सैंक्शन हो चुकी है। इसका काम जल्दी करवाया जाए।

महोदय, मैं एक और खास बात कहना चाहता हूं कि अम्बेडकर नगर जनपद बुनकर बाहुल क्षेत्र है। यहां बुनकरों की आए दिन समस्याएं रहती हैं। मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि बुनकरों को सस्ते दर पर ऋण प्रदान करें। इनके लिए ट्रेनिंग सैंटर खोला जाए जहां बुनकरों को अच्छी से अच्छी ट्रेनिंग मिल सके ताकि इनका पलायन रुक सके। मेरी मांग है कि उनको सब्सिडी प्रदान की जाए, उनके आवास हेतु व्यवस्था की जाए। बुनकरों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। बुनकरों द्वारा तैयार सामान बेचने की व्यवस्था की जाए।